भोपाल से प्रकाशित रंगमंच, संस्कृति, साहित्य का प्रतिनिधि पत्र

साप्ताहिक

RNI No. MPHIN/2019/78271

रंग संस्कृति

सम्पादक - यतीन्द्र अत्रे

वर्ष –5 अंक –49 भोपाल, शनिवार 6 से 12 अप्रैल 2024 पृ.सं.–8 मूल्य–5 रूपये

भरत मुनि पर्व पर नाटक 'राम की शक्ति पूजा' ने वातावरण बनाया राममय

कानपुर, बुधवार। संस्कार भारती कानपुर इकाई द्वारा यहां ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन के सभागार में आयोजित भरत मुनि पर्व एवं हिंदी रंगमंच दिवस के अवसर अनुकृति कानपुर के कलाकारों ने नाटक राम की शक्ति पूजा के मंचन से पूरा माहौल राम मय बना दिया।

सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की यह कविता राम-रावण युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। युद्ध के दौरान एक दिन राम यह देख कर चिंतित होते हैं कि उनके अचूक बाण लक्ष्य भ्रष्ट हो रहे हैं। रावण की सेना उत्साहित है तो वहीं राम और उनकी सेना बहुत खिन्न और मायूस। राम, सीता को हर हाल में रावण की कैद से मुक्त कराना चाहते हैं, लेकिन आज के युद्ध से उन्हें लगता है कि वह यह युद्ध जीत नहीं पायेंगे। राम विभीषण और अपने अन्य सहयोगियों को बताते हैं कि आज उन्होंने देखा साक्षात शक्ति माँ दुर्गा रावण के पक्ष में लड़ रही थीं। जाम्बवान राम को सलाह देते हैं कि उन्हें भी रावण की तरह शक्ति की पूजा-अराधना करनी चाहिए। राम मां दुर्गा के पूजन हेतु हनुमान से 108 कमल के फूल लाने का अनुरोध करते हैं। पूजा के अंतिम चरण में शक्ति (माँ दुर्गा) राम की परीक्षा लेने के लिए अंतिम फूल चुरा लेती हैं। राम बहुत निराश हो जाते हैं लेकिन फिर वह विभीषण से कहते हैं कि उनकी माँ उन्हें कमल नयन कहा करती थीं। वह खोये हुए कमल के स्थान पर अपना एक नयन देवी को अर्पित कर देंगे। जैसे ही वह देवी को अपनी आँख चढ़ाने को होते हैं, शक्ति प्रकट होकर राम का हाथ पकड़ लेती हैं। मां प्रसन्न हो राम को विजयी होने का आशीर्वाद देती और राम के शरीर में विलीन हो जाती हैं।

नाटक में सूत्रधार संध्या सिंह और सुमित गुप्ता ने कथानक दर्शकों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। दीपिका सिंह (शक्ति/मां दुर्गा), दीपक राज राही (राम), आकाश (लक्ष्मण), जिज्ञासा(सीता), सुरेश श्रीवास्तव (विभीषण), महेश जायसवाल (जांबवान), अजीत पाल (हनुमान), डॉ. ओमेन्द्र कुमार (शक्ति के भक्त), आरती शुक्ला (सीता की सखी), सृजन तिवारी (रावण), सम्राट यादव, रवि (रावण के सैनिक) का अभिनय अच्छा रहा।

महाकवि निराला की यह कालजयी कविता हमेशा से रंगकर्मियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। वाइस, शुद्ध उच्चारण एक्सरसाइज के लिए इसे बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इसका नाट्य रूपांतरण डॉ. कुमार संजय, लाइट डिजाइनिंग कृष्णा सक्सेना,संगीत विजय कुमार भास्कर और निर्देशन डॉ. ओमेन्द्र कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर इंद्र मोहन रोहतगी कार्यक्रम अध्यक्ष श्री राधे श्याम दीक्षित जी ने दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण कर किया इसके उपरांत देश के प्रसिद्ध ध्रुपद गायक पं विनोद द्विवेदी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती कानपुर इकाई की अध्यक्ष रोचना बिश्नोई जी ने किया। आभार संस्कार भारती के सचिव दिवाकर निगम ने किया।

झूलेलाल जी की पुस्तिका का हुआ विमोचन

खांडवा, (निर्मल मंगवानी)। सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल द्वारा 1074 वें चेटीचंड पर्व के उपलक्ष्य में प्रकाशित पुस्तिका के 44 वे अंक का विमोचन हुआ। पर्व के दौरान तीन दिवसीय विभिन्न धामिर्क एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला 7 अप्रैल से प्रारम्भ होगा। यह जानकारी देते हुए मंडल सचिव हरीश आसवानी ने बताया कि विमोचन समारोह मंडल अध्यक्ष मोहन दीवान की अध्यक्षता एवं पूज्य सिंधी पंचायत उपाध्यक्ष नानकराम चंदवानी के कर कमलों से संपन्न हुआ। विमोचन में धर्मदास उधलानी, किशनचंद कोटवानी, मनोहरलाल सबनानी, हरीश आसवानी, रवि गिदवानी, कैलाश उदासी, पवन वासवानी, नंदू भोजवानी, पवन डेम्बरा, वार्ड पार्षद पवन गोस्वामी, राम वासवानी, व्दारकादास मोहनानी, अशोक मंगवानी, श्याम हेमवानी, निर्मल मंगवानी एवं श्री झुलेलाल समर्थ पैनल के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

विक्रमोत्सव उज्जैन में नाटक 'अन्धायुग मंचित'

उज्जैन। 'विक्रमोत्सव-2024' के अंतर्गत आयोजित विक्रम नाट्य समारोह के तीसरे दिन 3 अप्रैल को बालेन्द्र सिंह द्वारा निर्देशित और हम थिएटर के कलाकारों द्वारा अभिनीत नाटक 'अंधायुग' का मंचन हुआ। इस नाटक में पौराणिक कथा के माध्यम से अनैतिक आचरण का विरोध दर्शाया गया। सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण एवं भारत विद्या पर आधारित विक्रमोत्सव 9 अप्रैल, 2024 तक जारी रहेगा।

दो दिवसीय नाट्य समारोह में कानपुर के कलाकारों ने नाटक 'पुरुष' का मंचन किया

इंदौर। मैं डरने या थकने वाली नहीं। मैंने पूरी तैयारी कर ली है, मैं गुलाबराव को परास्त करके ही रहूंगी। अंबिका के इस संवाद पर यहां इंदौर प्रेस क्लब सभागार दर्शकों की तालियों से गूंज उठा।

सूत्रधार इंदौर के दो दिवसीय नाट्य समारोह में अनुकृति रंगमंडल कानपुर के कलाकारों ने नाटक पुरुष का शानदार मंचन कर दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।

प्रसिद्ध मराठी लेखक जयवंत दलवी लिखित और निशा वर्मा निर्देशित नाटक 'पुरुष' में दर्शाया गया कि अपने ऊपर हुए अन्याय के लिए आवाज उठाने पर एक युवती को किस कदर संघर्ष करना पड़ता है। लेकिन नायिका अंबिका हार नही मानती और अदालत का फैसला अपने खिलाफ आने पर बलात्कारी गुलाबराय से अपने तरीके से प्रतिशोध लेती है।

नाटक की कहानी शुरू होती है अण्णा साहब आप्टे के घर से। जो एक आदर्श शिक्षक हैं। उनके अपनी पत्नी तारा के साथ कुछ वैचारिक मतभेद होते हैं, लेकिन वह हमेशा उनका साथ देती है। अण्णा की बेटी अंबिका एक स्कूल में पढ़ाती है। उसका एक दोस्त है सिद्धार्थ, जो दलितों के हक की लड़ाई लड़ता है। नाटक के अगले सीन में बाहुबली गुलाबराव जाधव की एंट्री होती है, जिसके काले - कारनामें कई बार अंबिका सबके सामने उजागर कर चुकी है। गुलाबराव अंबिका से बदला लेने के लिए उसको धोखे से डाक बंगले में बुलाकर बलात्कार कर देता है। यह सदमा अंबिका की मां तारा बर्दाश्त नहीं कर पाती और वह आत्महत्या कर लेती है, सिद्धार्थ भी साथ छोड़ देता है। जबकि अंबिका की सहेली मथू इस मुश्किल समय में उसके साथ डटी रहती है। मथू अंबिका व अण्णा का हौसला बढ़ाती है और उन्हें प्रतिकार के लिए भी प्रेरित करती है।

अंततः अंबिका गुलाबराव को जिंदगी भर न भूल पाने वाला सबक सिखाती है और इसी के साथ नाटक का पटाक्षेप होता है।

नाटक में दीपिका सिंह (अंबिका), संध्या सिंह (मथू), सुरेश श्रीवास्तव (अण्णा साहब), कमल गौड़ (तारा), महेन्द्र धुरिया (गुलाबराव), विजय भास्कर (सिद्धार्थ), सम्राट यादव (इंस्पेक्टर गाडगिल), आकाश शर्मा (पांडु), नरेन्द्र (शिवा), कुशल (बंडा) ने प्रमुख भूमिकाएं निभायी। नाट्य रूपांतरण सुधाकर करकरे, प्रस्तुति नियंत्रक, सहायक निर्देशक डॉ. ओमेंद्र कुमार, संगीत विजय भास्कर व सलाहकार निर्देशक कृष्णा सक्सेना थे। नाटक के समापन पर वरिष्ठ रंगकर्मी एवं सूत्रधार के संस्थापक सत्यनारायण व्यास ने कलाकारों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि महिला सशक्तिकरण का प्रभावी संदेश देते अनुकृति कानपुर के सिग्नेचर नाटक पुरुष के अब तक 14 राज्यों, 25 शहरों में 47 सफल मंचन हो चुके हैं।

योग से भावनात्मक विकास की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है

भोपाल। आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि दुनियाभर में हर साल 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को इस न्यूरोल जिकल डिसऑर्डर के बारे में जागरुक करना है। जिससे पीड़ित व्यक्ति की लाइफ को बेहतर बनाने में मदद मिल सके और वह भी समाज में बेहतर जीवन बिता सके। ऑटिज्म को मेडिकल भाषा में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसर्डर कहते हैं। यह एक विकास संबंधी गड़बड़ी है जिससे पीड़ित व्यक्ति को बात. चीत करने में, पढ़ने-लिखने में और समाज में मेलजोल बनाने में परेशानियां आती हैं। ऑटिज्म एक ऐसी स्थिति है जिससे पीड़ित व्यक्ति का दिमाग अन्य लोगों के दिमाग की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। वहीं, ऑटिज्म से पीड़ित लोग भी एक-दूसरे से अलग होते हैं। यानि कि ऑटिज्म के अलग-अलग मरीजों को अलग-अलग लक्षण महसूस हो सकते हैं। वैसे तो इस बीमारी से पीड़ित लोग नौकरी करने, परिवार और दोस्तों के साथ मेल-मिलाप करने में सक्षम होते हैं, लेकिन कई बार उन्हें इसके लिए दूसरों की मदद लेनी पड़ती है। जहां कुछ ऑटिस्टिक लोगों को पढ़ने-लिखने में परेशानी होती है तो वहीं ऑटिज्म के कुछ मरीज या तो पढ़ने लिखने में बहुत तेज होते हैं या सामान्य होते हैं। परिवार, टीचर्स या दोस्तों के सहयोग से ये लोग नई स्किल्स सीखने में भी सक्षम होते हैं और बिना किसी सहारे के काम कर पाते हैं। कुछ स्टडीज में ऐसा देखा गया है कि डायग्नोसिस और इंटरवेंशन ट्रीटमेंट सर्विसेज की जल्द मदद से ऑटिस्टिक लोगों को सामाजिक व्यवहार और नयी स्किल्स सीखने में मदद मिलती है जिससे, वे अपना जीवन बेहतर तरीके से जी पाते हैं। ऑटिज्म एक ऐसी न्यूरोल जिकल स्थिति है, जो बचपन में शुरू होती है। जिसमें व्यक्ति के वर्बल या न न वर्बल कम्युनिकेशन, इमेजिनेशन और सोशल इंटरेक्शन पर बुरा असर पड़ता है। जिसकी वजह से पीड़ित व्यक्ति को बातें समझने में कठिनाई होती है, मन ही मन बड़बड़ाते हैं, शब्दों को समझ नहीं पाते हैं, आंखें मिलाकर बात नहीं कर पाते हैं, उठने-बैठने, खाने-पीने का बर्ताव भी औरों से अलग होता है। ऑटिज्म के लक्षण - बच्चों का देरी से बोलना शुरू करना। एक ही शब्द को बार-बार रिपीट करना। किसी के बोलने या कुछ कहने पर जवाब नहीं देना। बच्चे का ज्यादा समय अकेले ही बिताना। किसी से आंखें मिलाकर बात न करना। एक ही चीज को बार-बार करना। किसी भी एक काम या सामान के साथ पूरी तरह बिजी रहना। सामने वाले व्यक्ति की भावना न समझना। योग गुरु अग्रवाल ने भावनात्मक समस्याओं के लिए योग के बारे में बताया कि जीवन के आरंभिक वर्ष वयस्कता को आधार प्रदान करते हैं। भावनात्मक रूप से बाधित बच्चे बड़े होने पर घोर मनोरोग से पीड़ित होते हैं और क्रमशः उनके बच्चे भी उसी रोग से पीड़ित हो जाते हैं। चाहे आप माता-पिता हैं, शिक्षक हैं, डॉक्टर हैं या बाल-कल्याण के क्षेत्र में कार्यकर्ता हैं, यदि आप भावनात्मक रूप से बाधित बच्चों के लिए काम कर रहे हैं तो आपको अवश्य ही इस समस्या की विविधता और व्यापकता की जानकारी हो गयी होगी। बच्चे शारीरिक, सांस्कृतिक या सामाजिक कारणों और प्रायः इन सबके मिश्रण के कारण भावनात्मक रूप से बाधित होते हैं। सही निदान बहुत आवश्यक है। गलत उपचार से बचने का यही एकमात्र उपाय है।

निमाड़ में इन दिनों झालरियां, नवगीतों के साथ रणुबाई की है धूम

बड़वाह, शिशिर उपाध्याय। इन दिनों प्रदेश के निमाड़ अंचल में लोक -माता गणगौर बाड़ियों में विराजित हो गई है। बाड़ियों में माता की कुरकईयां भर कर मूठ रखायेगी। संपूर्ण निमाड़ का यह अनूठा लोक पर्व रथ बौड़ाने के व्रत के साथ 9 से 11 दिवस तक चलेगा। बहनें गीत म्हारा पीयर मा वाई गणगौर हो साहिबा, सुन सजनी का साहिबा गाते, अपने पीहर जाती दिखेंगी, जवाइयों के जलवे दिखाई देंगे, जब माता के जोड़े जिमाए जायेंगे। ढोलियों के भाव बढ़ जाएंगे, बैंड बाजों ने भी स्वर साध लिए हैं, रानी रणु बाई अपने पीहर गांव जो आ रही है। नए नए गीत और झालरिया बजने लगे हैं, नई पीढ़ी के नए गीत

वाड़ी मा तू वो डांस करे गा, नया जमाना की छोरी छे, धणीयर राजा ओखो मत खीजा, पटेल दाजी की पोरी छे।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अब स्कूलों की मनमानी पर लगेगी रोक

मध्य प्रदेश ने निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद कलेक्टर ने तीन सदस्य टीम बनाई है। वहीं प्रशासन अब किताबें बुक्स के साथ अन्य शैक्षिक सामग्रियों के रेट लेगा। जिससे स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाई जाएगी।

नए शिक्षा सत्र में स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। इसे लेकर अलग-अलग दुकानों पर स्कूल शिक्षा और भोपाल जिला प्रशासन के अधिकारियों ने निरीक्षण भी कर रहे हैं। जिसमें स्कूल संचालकों की मनमानी भी पकड़ी गई। मामले को लेकर कलेक्टर ने तीन सदस्य टीम बनाई है। जो निजी स्कूलों का सत्यापन करेगी। वहीं निजी स्कूल यूनिफॉर्म, किताबें और सिलेबस में कोई बदलाव नहीं कर सकता। वहीं अगर बदलाव करना है तो जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ आवेदन देना होगा। वहीं कलेक्टर की मंजूरी के बाद ही बुक यूनिफर्म या शैक्षिक सामग्री बदले जा सकेंगे। निजी स्कूलों की मनमानी पर अब ब्रेक लगेगा। मुख्यमंत्री के आदेश पर कलेक्टर ने निजी स्कूलों को लेकर गाइडलाइन जारी की है। जिसमें प्रकाशक स्कूल संचालक और विक्रेताओं की मोनोपॉली खत्म होगी। बतादें कि, अब दो वर्ष के पहले कोर्स नहीं बदल सकेंगे। साथ ही यूनिफार्म की पब्लिक डोमेन में जानकारी देनी होगी। जिसमें टाई, बेल्ट और जूतों के नमूने पब्लिक डोमेन में अपलोड करने होंगे। भोपाल में निजी स्कूलों की जांच के लिए चार समितियां गठित की गई हैं। स्कूलों में पढ़ाई जा रही महंगी किताबों की कीमतों की भी जांच होगी। इस नई गाइडलाइन का निजी स्कूल, एमपी बोर्ड, सीबीएससी सहित सभी स्कूलों को पालन करना होगा।

साभार – lalluram.com

प्रदेश में मौसम ने ली फिर करवट, कई शहरों में बारिश की आशंका

मध्य प्रदेश
वेदर अपडेट

मध्य प्रदेश में मौसम के बदलाव का सिलसिला जारी है वहीं मौसम पूरी तरह शुष्क बने रहने के कारण गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में शनिवार से बादल छा सकते हैं। जिसे लेकर मौसम विभाग ने राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में बारिश का अलर्ट भी जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। साथ ही उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात भी बना है। तो दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक एक द्रोणिका बनी हुई है। जिसके कारण प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखा जा रहा है।

मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकतर शहरों में बादल छाने की संभावना जताई है। साथ ही भोपाल सहित कई शहरों में बारिश होने के आसार भी है। बतादें कि, 6 अप्रैल से मौसम में बदलाव होगा।

साभार – lalluram.com

मध्यप्रदेश में 4 चरणों में सम्पन्न होंगे लोकसभा चुनाव

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 4 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। पहले चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 19 अप्रैल को, दूसरे चरण में 7 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को, तीसरे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 7 मई को और चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा।

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला/राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के पश्चात ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किये जा सकेंगे।

श्री राजन ने बताया कि पहले चरण के 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल (अजजा), जबलपुर, मंडला (अजजा), बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में 18 अप्रैल एवं मतदान तिथि 19 अप्रैल को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। दूसरे चरण के 7 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों टीकमगढ़ (अजा), दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, नर्मदापुरम एवं बैतूल (अजजा) में 25 अप्रैल एवं मतदान तिथि 26 अप्रैल को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। तीसरे चरण के 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों मुरैना, भिंड (अजा), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल एवं राजगढ़ में 6 मई एवं मतदान तिथि 7 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसी प्रकार चौथे चरण के 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों देवास (अजा), उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), इंदौर, खरगौन (अजजा) एवं खंडवा में 12 मई एवं मतदान तिथि 13 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा।

कॉमेडियन ने मीडिल क्लास जोक्स से श्रोताओं को किया लोटपोट

भोपाल। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा एनुअल फेस्ट रिदम 2024 के अंतर्गत गुरुवार को प्रसिद्ध स्टैंड अप आर्टिस्ट अमित टंडन की परफर्मेंस का आयोजन किया गया। इसमें अमित टंडन ने अपने अनूठे जोक्स के माध्यम से अडियंस को हंसाकर लोटपोट किया। शो की शुरुआत अमित टंडने ने अपने परिचय से की। उन्होंने कहा कि मैं हूं अमित टंडन प्रोडक्ूस्ड बाय मदर एंड प्रोड्यूस्ड बाय वाइफ। इसके बाद युवाओं से मजेदार अंदाज में बात करते हुए कहा कि लड़कियों की बात मुझसे नहीं करना, मैंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की है। मैं 90 में 10वीं करी है। उस समय वेलेंटाइन डे भी नया नया आया था। लड़के दो प्रकार के होते थे। एक तो बॉय फ्रेंड बनते थे, दूसरे पोस्टमैन बनते थे।

आगे उन्होंने मीडिल क्लास की कहानी रोचक अंदाज में कमेडी एक्ट के द्वारा बताई। उन्होंने कहा कि अगर आप मीडिल क्लास से हो तो आपके फ्रिज में डोमिनोज का फ्री ओरिगेनो और साल भर पुराने सस पाउच जरूर मिलेंगे। वहीं बचपन में कपड़ों का एक साइज बड़ा खरीदती थी मम्मी ताकि अगले साल भी पहन सकें।

साथ में आज की जनरेशन की प्राब्लम और फैमिली प्लानिंग, शादी, पेरेंट्स के साथ बच्चों के संबंधों पर कई जोक्स क्रैक किए।

दोस्तों के रिलेशन को भी व्यंगात्मक अंदाज में समझाया। अमित एक जोक में कहते हैं... मम्मी का मानना है मैकेनिकल इंजीनियरिंग का क्या फायदा अगर मैं कूलर ठीक नहीं कर सका तो...। गलती से मैं वकील बन जाता तो मम्मी दो-तीन तलाक करवा देती।

पूरे एक्ट में अमित ने समझाया कि मीडिल क्लास उतना भी गरीब नहीं है।

इस अवसर पर भोपाल शहर के गणमान्य नागरिक सहित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे, कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, प्रो-चांसलर डॉ.अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलपति प्रो. रजनी कांत, कुलसचिव डॉ. विजय सिंह सहित फैकल्टी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सम्पादकीय



सोशल मीडिया का बढ़ता महत्व

यतीन्द्र अत्रे

पिछले दिनों आईपीएल मैचों में हार्दिक पांड्या की कप्तानी को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे, बताया जा रहा है कि पहले मुंबई इंडियंस टीम के कप्तान रोहित शर्मा थे इसे लेकर सोशल मीडिया पर रोहित के फ्रेंड्स की नजरों में हार्दिक, जैसे अपराधी हो गए थे। वे लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के शिकार हो रहे थे। ऐसा क्यों हुआ इस बारे में बताया गया की हार्दिक के दल बदल के उपरांत उन्हें कप्तानी पेश की गई थी। हालांकि हार्दिक पहले मुंबई इंडियंस टीम के साथ ही खेला करते थे इसलिए इसे घर वापसी के तौर पर भी देखा गया। ठीक इसी प्रकार देश में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर यदि हम नज़र डालें तो इस तरह के घटनाक्रम लगातार होना यहां भी पाएंगे। लोकसभा चुनाव की तैयारी में पार्टी प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं को लेकर भी दल-बदल का महत्व बढ़ गया है। आए दिन इन्हीं समाचारों को समाचारपत्रों एवं मीडिया चौनलों द्वारा भी महत्व दिया जा रहा है। पार्टी में उपेक्षित या टिकट न मिलने से नाराज कोई नेता जल्द ही किसी दूसरे दल में अचानक दृष्टिगोचर होने लगता है। इसके पीछे की कहानी, तर्क या सिद्धांत क्या है? यह समझ से परे हैं, लेकिन इतना तो कहा जा सकता है कि जब आम आदमी सेलिब्रिटी हो जाता है तब वहां सिद्धांत गौण हो जाया करते हैं। आईपीएल में तो समझ आता है कि वहां खेल भावना और सिद्धांतों से अधिक पैसों का महत्व हो सकता है, लेकिन क्या राजनीति के बारे में यदि हम किसी से प्रश्न पूछे तो उत्तर क्या होगा ? गौर करेंगे तो संभवतः यहां देश सेवा से अधिक सत्ता के सुख का महत्व समझ में आएगा। विशेषज्ञों की माने तो उनके अनुसार लोकतांत्रिक प्रक्रिया में राजनीतिक दल बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। सैद्धांतिक तौर पर राजनीतिक दलों की भूमिका यह है कि वह सामूहिक रूप से लोकतांत्रिक फैसला लेते हैं। आजादी के कुछ वर्षों के बाद ही यह महसूस किया जाने लगा कि राजनीतिक दलों द्वारा अपने सामूहिक जनादेश की अनदेखी की जाने लगी है। विधायकों और सांसदों के जोड़-तोड़ से सरकारें बनने और गिरने लगी। वर्ष 1960 से 70 के दशक में आया राम गया राम की राजनीति देश में प्रचलित हो चली थी, इसलिए जल्द ही दलों को मिले जनादेश का उल्लंघन करने वाले सदस्यों को चुनाव में भाग लेने से रोकने या अयोग्य घोषित करने की आवश्यकता महसूस होने लगी। अंततः वर्ष 1985 में संविधान संशोधन के जरिए दल-बदल विरोधी कानून लाया गया। इस कानून का मुख्य उद्देश्य भारतीय राजनीति में दल-बदल की प्रथा को समाप्त करना था। लेकिन क्या यह उद्देश्य आज पूरा हो रहा है? यदि पिछली घटनाओं को देखें तो शायद उत्तर नहीं होगा। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि पिछले कुछ वर्षों से देश की राजनीति में इस कानून के अस्तित्व को कई बार चुनौती दी जा चुकी है। इसका एक कारण राजनीति के क्षेत्र में निरंतर नए या युवा लोगों का प्रवेश नहीं होना भी हो सकता है राजनैतिक पार्टियां भी उन गिने-चुने लोगों, प्रत्याशियों पर विश्वास करने हेतु मजबूर रहती होंगी। विडंबना यह है कि,आज का युवा राजनीति शास्त्र पढ़कर और आईपीएस बनकर देश सेवा तो करना चाहता है किंतु राज नेता बन देश की सेवा करने में संशय करता है। आज आवश्यकता है उन युवाओं की जो राजनीति के क्षेत्र में अपना कॅरिअर बनाना चाहते हों, उस माध्यम से देश सेवा करना चाहते हों, आज आवश्यकता है उन युवाओ की जो खेलों में होने वाली राजनीति पर पदक ना जीतने वाले खिलाड़ियों के परफॉर्मेंस पर,दल-बदल करने वाले खिलाड़ियों पर सोशल मीडिया के द्वारा अपनी आवाज उठाते हैं। वही युवा अपने द्वारा चुने एवं सरकार चलाने वाले प्रतिनिधि,विपक्ष में बैठे प्रतिनिधियों पर भी सोशल मीडिया के मंच पर टिप्पणी दें, हो सकता है उनकी यह टिप्पणी आगे चलकर देश के विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

मो. : 9425004536

कार्टूनिस्ट हरिओम तिवारी की नज़र से...


इतनी गंदगी?
अरे वो कांग्रेसी आ गए हैं उनकी धुलाई चल रही है
भाजपा वॉशरूम
हरिओम

सामाजिक, आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण महासागर है हमारा भविष्य

महेश अग्रवाल

प्रतिवर्ष 5 अप्रैल को राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के द्वारा समुद्री वातावरण की सुरक्षा, समुद्री उद्योग, शिपिंग सुरक्षा के महत्व और समुद्री सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक किया जाता है। हम सभी जानते हैं कि पृथ्वी पर 70 प्रतिशत पानी है जिसमें से कुछ फीसदी ही पीने लायक है। लेकिन ऐसा नहीं है कि बाकि का खारा पानी हमारे काम का नहीं है, धरती पर मौजूद महासागर भी जीवन चक्र के लिए बहुत अहम है। इसके अलावा दुनिया भर में समुद्र मार्ग से व्यापार किया जाता है जिससे कई देशों को लाभ पहुंचता है।

योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि जीवन का अभिन्न अंग महासागर हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करता है। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। महासागरीय जल में ही पहली बार जीवन का अंकुर फूटा था। आज महासागर असीम जैव विविधता का भंडार है। हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। महासागरों में पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल समाया हुआ है। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। मुख्यतया पृथ्वी पर पाँच महासागर हैं जिनके नाम इस प्रकार हैं- प्रशांत महासागर, हिन्द महासागर, अटलांटिक महासागर, उत्तरी ध्रुव महासागर और दक्षिणी ध्रुव महासागर। महासागरों का सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्व मानव के लिए इन्हें अतिमहत्वपूर्ण बनाता है।

अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ महासागर अपने अंदर व आस-पास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रो को पनाह देते हैं जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव व वनस्पतियाँ पनपती हैं। समुद्र में प्रवाल भित्ति क्षेत्र ऐसे ही एक पारितंत्र का उदाहरण है जो असीम जैव विविधता का प्रतीक है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में स्थित मैन्ग्रोव जैसी वनस्पतियों से संपन्न वन समुद्र के अनेक जीवों के लिए नर्सरी का काम करते हुए विभिन्न जीवों को आश्रय प्रदान करते हैं। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। महासागरों में पृथ्वी का सबसे विशालकाय जीव व्हेल से लेकर सूक्ष्म जीव भी मिलते हैं। एक अनुमान के अनुसार केवल महासागर के अंदर करीब दस लाख प्रजातियां उपस्थित हो सकती हैं।जैव विविधता से संपन्न होने के साथ ही महासागर धरती के मौसम को निर्धारित करने वाले प्रमुख कारक हैं। समुद्री जल की लवणता और विशिष्ट ऊष्माधारिता का गुण पृथ्वी के मौसम को प्रभावित करता है। यह तो हम जानते ही हैं कि पृथ्वी की समस्त ऊष्मा में जल की ऊष्मा का विशेष महत्व है। जितनी ऊष्मा एक ग्राम जल के तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि करेगी, उससे एक ग्राम लोहे का तापमान दस डिग्री बढ़ाया जा सकता है। अधिक विशिष्ट ऊष्मा के कारण समुद्री जल दिन में सूर्य की ऊर्जा का बहुत बड़ा भाग अपने में समा लेता है। इस प्रकार अधिक विशिष्ट ऊष्मा के कारण समुद्र ऊष्मा का भण्डारक बन जाता है जिसके कारण विश्व भर में मौसम संतुलित बना रहता है या यूं कहें कि जीवन के लिए औसत तापमान बना रहता है। मौसम के संतुलन में समुद्री जल की लवणता जीवन के लिए एक वरदान है। पृथ्वी पर जलवायु के बदलने की घटना और समुद्री जल का खारापन आपस में अन्त:संबंधित हैं। यह तो हम जानते ही हैं कि ठंडा जल, गर्म जल की तुलना में अधिक घनत्व वाला होता है। समुद्र में किसी स्थान पर सूर्य के ताप के कारण जल के वाष्पित होने से उस क्षेत्र के जल के तापमान में परिवर्तन होने के साथ वहां के समुद्री जल की लवणता और आसपास के क्षेत्र की लवणता में अंतर उत्पन्न हो जाता है जिसके कारण गर्म जल की धाराएं ठंडे क्षेत्रों की ओर चल देती हैं और ठंडा जल उष्ण और कम उष्ण प्रदेशों में आता है। समुद्र में ये धाराएं केवल इस कारण उत्पन्न होती हैं कि समुद्र का जल खारा है। क्योंकि यदि सारे समुद्रों का जल मीठा होता तो लवणता का क्रम कभी न बनता और जल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने वाली धाराएं सक्रिय न होती। परिणामस्वरूप ठंडे प्रदेश बहुत ठंडे रहते और गर्म प्रदेश बहुत गर्म। तब पृथ्वी पर जीवन के इतने रंग न बिखरे होते क्योंकि पृथ्वी की असीम जैव-विविधता का एक प्रमुख कारण यह है कि यहां अनेक प्रकार की जलवायु मौजूद है और जलवायु के निर्धारण में महासागरों का महत्वपूर्ण योगदान नकारा नहीं जा सकता है।

(लेखक के ये अपने विचार हैं।)

'काव्य दीर्घा'

सुरेश कुशवाह 'तन्मय'

226, माँ नर्मदे
नगर,बिलेहरी,
जबलपुर (म प्र),
मो. : 9893266014

षड्यंत्रों का दौर...

साँप छछूंदर और नेवले
मिलने लगे गले
षड्यंत्रों का दौर
अकेले घर से न निकलें।
सूरज के तेवर ठंडे
तारों की चहल-पहल
है विषाद में चाँद
चाँदनी सहमी हुई विकल,
चर्चाओं के फेरे
नित जारी है साँझ ढले
षड्यंत्रों का दौर....
पत्ते पत्ते पर पसरे हैं
कुटिल हवा के पैर
मिल बैठे हैं आज
रहा जिनसे जीवन भर बैर,
अब न उगलते बने
समस्या है कैसे निगलें
षड्यंत्रों का दौर ....
चोले बदले वर्क चढ़ा
पीतल पर सोने का
वशीकरण के मंत्र
समय ये जादू टोने का,
इसके उसके किस्सों के
हैं कई अलाव जले
षड्यंत्रों का दौर...
जीत उसी की तो होगी
जिसने संघर्ष किया
श्वांस-श्वांस में अपने
इष्ट-धर्म को सदा जिया
रामयज्ञ की आहुतियों में
तर्क-कुतर्क चले
षड्यंत्रों का दौर....
विगत बही-खातों का
अब पूछें हिसाब इनसे
कितने-कितने कब कैसे
गठजोड़ कहाँ किससे,
नासमझी में अब तक
आस्तीन में साँप पले
षड्यंत्रों का दौर....

स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

दमोह। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता अभियान जिले में निरंतर चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में कलेक्टर कार्यालय परिसर से दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिव्यांग जागरूकता रैली को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट से बेलाताल, पुलिस पेट्रोल पंप, तहसील ग्राउंड से होते हुए कीर्ति स्तंभ पहुंचकर पुनः वापस लौटी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की एक लंबी श्रृंखला दमोह में चलाई जा रही है, इसको स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा लीड कर रहे हैं। इस सिलसिले में एक पूरा केलेण्डर बनाया हुआ है कि 24 अप्रैल तक जब तक मतदान का समय नजदीक आता है, तब तक प्रतिदिन मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम अलग-अलग आयोजित किये जायेंगे। इसी क्रम में कल पथरिया में स्वीप सखी का कार्यक्रम संपन्न हुआ था, ऐसे ही दिव्यांग रैली आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य खास तौर पर जो दिव्यांगजन हैं, उनके लिये मतदान को सुगम बनाना और मतदान के लिये उनके माध्यम से सभी को जागरूक करने का हमारा मकसद है।

उन्होंने बताया निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिये सुगम एप लांच किया है। इसके लिये उन्होंने सभी दिव्यांग मतदाताओं से आग्रह करते हुये कहा है कि वे इस एप को डाउनलोड करें। एप के माध्यम से मतदान में जो सहयोग शासन की तरफ से मिल सकता है उसको प्राप्त करें, जैसे ट्राईसिकल आदि। उन्होंने कहा मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि लगातार हम लोग मतदाताओं की जागरूकता के लिये अभियान चलाते रहेंगे जिससे की दमोह में मतदान प्रतिशत और अधिक बढ़े, पिछले चुनाव के मुकाबले हम एक नया रिकार्ड कायम करें, इस दिशा में हम काम करेंगे।

स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने कहा सभी को विदित है 26 अप्रैल को जिले में मतदान किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर के निर्देशन में जिले में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदताओं को जागरूक किया जा रहा है जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। इसी तारतम्य में आज दिव्यांग रेली कलेक्ट्रेट से कीर्ति स्तंभ तक आयोजित की गई। यह रैली सभी लोगों को यह संदेश देगी कि हर किसी को अपने मत का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया दिव्यांग मतदाताओं के लिये सुगम एप लांच किया गया है। जिसके माध्यम से मतदान के लिये जो भी सुविधा चाहिए है, जैसे की व्हीलचेयर आदि के लिये आवेदन कर सकते हैं।

एक दिव्यांग ने कहा दिव्यांगो की रैली के लिये आज कलेक्टर ने अपर कलेक्टर के माध्यम से निर्देशित किया था कि सभी दिव्यांगजन आयें और जागरूक रेली में भाग लें। हम सभी ने दमोह की जनता को रैली के माध्यम से ष्सबसे पहले वोट दे, बाकी काम छोड़ देष माध्यम से जागरूक करने के लिये रैली निकाली है। क्योंकि बहुत से लोग वोट नहीं डालते है, इसी के लिये रैली निकाली है कि सभी अधिक से अधिक मतदान करें, जिससे अच्छा केंडीडेट चुन कर आये जो समाज सेवा और सभी को साथ लेकर चले।

एक दिव्यांग ने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा अपने मत का उपयोग करते लोकतंत्र को मजबूत बनाएं, इसी के चलते हम सभी दिव्यांग भाईयों ने एक मतदाता जागरूकता रेली का आयोजन किया है, इसके माध्यम से हमने संदेश दिया है कि सभी अपने मत का उपयोग अवश्य करें ताकि लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सकें। उन्होंने कहा प्रत्येक वोट का लोकतंत्र में अत्याधिक महत्व है इससे ही लोकतंत्र मजबूत बनता है।

इस रैली में मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार करने नाटक मंडली द्वारा ढोल, मंजीरे नगाड़े के संगीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता के परंपरागत नारे बुंदेली राई प्रस्तुत की गई। कलाकारों द्वारा राहगीरों को अनिवार्य रूप से मतदान दिवस के अवसर पर मतदान करने की जागरूक किया गया।

नवरात्रि पर्व के दौरान टेकरी पर पुख्ता इंतजाम किये जाएं - कलेक्टर गुप्ता

देवास। जिले में चैत्र नवरात्रि पर्व 09 अप्रैल से मनाया जाएगा। नवरात्रि पर्व की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में म चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर श्री प्रवीण फुलपगारे, एएसपी श्री जयवीर सिंह भदौरिया, नगर निगम आयुक्त श्री रजनीश कसेरा, एसडीएम श्री बिहारी सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक शर्मा, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत, नगर निगम, वन विभाग, यातायात, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि चौत्र नवरात्रि के संबंध में सभी तैयारियां समय रहते तक कर लें। टेकरी पर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हों, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। टेकरी स्थित समस्त मंदिरों एवं सम्पूर्ण टेकरी क्षेत्र की चौबीसों घंटे साफ सफाई की जाये। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक दर्शन की सुविधा की दृष्टि से टेकरी पर पानी व छाया सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएगी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि टेकरी पर कंट्रोल रूम बनाये, कैमरे लगाये और 24 घण्टे मानिटरिंग करें। परिक्रमा मार्ग की क्यारियों में पौधारोपण करें और रैलिंग को व्यवस्थित करें। वन विभाग बारिश के पहले टेकरी पर 30 हजार पौधे रोपने की तैयारियां कर लें। टेकरी पर बांस से दो सुरक्षा चौकियां बनाई जाये। चांदी के छोटे जैवरों को गलाकर एक बड़ा आभूषण बनाये। पुजारियों से पूछ कर सुविधानुसार एक यूनिफार्म तैयार की जाये। धुनी मार्ग पर दाल बाफला पाईंट न्यूनतम शुल्क पर शुरू करने के निर्देश दिये। सीढ़ी मार्ग पर येलो लाईन खींचे, जिससे आगे दुकानें नहीं लगे। केंटीन के लिए टेंडर आंमत्रित करें। मां चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति लड्डू काउंटर एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था करें। खाद्य एवं औषधी प्रशासन नियमित रूप से प्रसाद और भोजन सामग्री की जांच करें। मंदिर में जहां पर भी दरारे आई है, वहां व टर प्रुफिंग का कार्य करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि नवरात्रि के दौरान बैरिकेट्स की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। टेकरी पर बिजली के तार सही करवाले। रोप वे का फिजिकल वेरिफिकेशन कर लें। लाइट की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। टेकरी पर समस्त मंदिरों, रपट मार्ग, सीढ़ी मार्ग, परिक्रमा मार्ग पर प्रकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था करें। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए टेकरी पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। पानी के स्टॉल लगाने के लिए जगह चिन्हित करे लें। टेकरी पर जहां कारपेट की जरूरत है, वहां कारपेट बिछाये।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि टेकरी क्षेत्र में निर्बाध विद्युत व्यवस्था हो। विद्युत व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की तैनाती की जाये। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि नवरात्रि पर्व पर वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। अवैध पार्किंग पर कार्यवाही की जाये। दुकानों को व्यवस्थित लगवाये।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान दर्शनार्थियों की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाएं। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाया जाए। परिक्रमा पथ पर चीता पार्टी द्वारा समय-समय पर गश्त लगाई जाए। पार्किंग व्यवस्था स्टेशन रोड, डीआरपी लाइन, सीड़ी मार्ग पर रहेगी।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने नगर निगम को निर्देश दिए कि मां चामुंडा टेकरी पर संपूर्ण साफ सफाई की व्यवस्था की जाए, टेकरी के प्रमुख स्थानों पर फिक्स डस्टिबन लगाए जाए एवं प्रतिदिन कचरे का संग्रहण किया जाए। फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करें। टेकरी क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट व अन्य लाइनों को दुरुस्त किया जाए। टेकरी पर पेयजल की व्यवस्था एवं टंकियों की साफ-सफाई की जाए। नगर निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। पुरुष एवं महिलाओं के लिए पर्याप्त अस्थाई प्रशासन की व्यवस्था की जाए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग टेकरी मार्ग पर लगायी जाने वाली रेलिंग की पुताई, रिपेरिंग संबंधी कार्य कर लें। नवरात्रि पर पार्किंग स्थल से लेकर सम्पूर्ण टेकरी क्षेत्र पर आवश्यक स्थानों पर बेरीकेड की व्यवस्था करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि विद्युत विभाग टेकरी क्षेत्र की विद्युत के पोल, स्ट्रीट लाईट, झुलते तार को ठीक कर लें। विद्युत कनेक्शन की जांच करें। नवरात्रि के समय सम्पूर्ण टेकरी पर सतत विद्युत व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये। डीपीसी फेंसिंग करें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना हो।

मतदाता बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करें - संभागायुक्त

इन्दौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह इंदौर संभाग के अलीराजपुर पहुंचे। संभागायुक्त ने अलीराजपुर कलेक्टर सभा कक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में राजस्व और पुलिस विभाग के नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन संबंधित शिकायतों के लिए नागरिकों के मध्य सी विजिल ऐप 1950 टोल फ्री नंबर एवं कन्ट्रोल रूम नंबर आदि के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें, ताकि जागरूक नागरिक निर्वाचन के समय होने वाली वित्तीय अनियमितता एवं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के विषय में शिकायत दर्ज कर पाएं। उन्होने निर्देश दिए कि लोकसभा निर्वाचन से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से एवं तय सीमा में निराकृत करें। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अभय अरविंद बेडेकर, सहायक पुलिस महानिरीक्षक श्री निमेश अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियांशी भंवर, अपर कलेक्टर श्रीमती अनुपमा चौहान, सहित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

संभागायुक्त श्री सिंह ने बताया कि अलीराजपुर जिला शराब एवं वित्तीय संवेदनशील क्षेत्र में आता है, इसलिए राजस्व एवं पुलिस अमला समन्वय स्थापित कर अवैध शराब के परिवहन को रोकने के लिए प्रयास करें ताकि मतदाता बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग कर पाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त एसएसटी द्वारा नाकों पर सतत निगरानी रखी जाएं ताकि शराब परिवहन की गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाया जा सके। जिले में स्थित समस्त क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक तैयारी करें। 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष प्रयास कर उनका शत प्रतिशत मतदान करवाएं। जिले में युवाओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में निष्पक्ष एवं निर्भिक निर्वाचन करवाना आयोग की मंशा है। मंशा के अनुरूप ही कार्य किया जाए। जिले में बदमाश व आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ कार्यवाही करें। किसी भी स्थिति में जिले में किसी व्यक्ति के द्वारा भय का माहौल उत्पन्न न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लिस्टेड गुंडे बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित किया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 संबंधित शेष तैयारियों को जल्द से जल्द पूर्ण करें एवं निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में संपत्ति विरूपण, ईवीएम एफएलसी, ईवीएम रेण्डमाईजेशन, मतदान दलों के प्रशिक्षण, मतदान जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधि, एमसीएमसी कक्ष, कंट्रोल रूम स्थापना आदि निर्वाचन संबंधित कार्य पूर्ण किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में पलायन के कारण मतदान प्रतिशत कम रहता है जिसे सुधार करने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है ताकि जिले में अधिक से अधिक नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कर सके। साथ ही जिले में जिलाबदर एवं एनएसए संबंधी कार्यवाही भी की जा रही है ताकि जिले में होने वाले निर्वाचन की प्रक्रिया स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में जिले में लाइसेंसी हथियार जमा किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा 1 करोड़ 56 लाख रूपये से अधिक मूल्य की शराब परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की गई है एवं निगरानी रखने के लिए नाकों का निर्माण किया गया है। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्री चंद्रशेखर आजाद नगर एवं सोण्डवा श्री एसआर यादव, सीजी गोस्वामी, डिप्टी कलेक्टर जीपी अग्रवाल, सुश्री निधि मिश्रा, जोबट अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री नीरज नामदेव सहित पुलिस एवं राजस्व का अमला मौजूद था।

टीबी से बचाव हेतु ग्रामों में होगा टीकाकरण सत्र का आयोजन

बड़वानी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में वर्तमान में टीबी की बीमारी से बचाव हेतु वयस्क बीसीजी का टीका लगाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 60 वर्ष की आयु से अधिक के सभी महिला-पुरूषों को, 18 वर्ष के उपर के सभी मधुमेह के मरीजों को, 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी तरह के धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों को, कुपोषण के कारण कमजोर व्यक्तियों को तथा ऐसे व्यक्ति जिनको पिछले 5 सालों में टीबी की बीमारी हुई हो, उन्हे जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी की बीमारी से बचाव हेतु बीसीजी का टीका लगाया जा रहा है। जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रमोद गुप्ता से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त टीका पूर्णतः सुरक्षित है तथा इस टीके को लगवाने से जहां टीबी की बीमारी से बचाव होता है वही प्रतिरोधक क्षमता भी मिलती है। गुरूवार को जिले के 269 ग्रामों में टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जायेगा। इन स्थानों पर लगेगा टीबी से बचाव का टीका जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मनोज खन्ना से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला चिकित्सालय सहित जिले के समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गुरूवार को टीबी रोग से बचाव का बीसीजी टीका लगाया जाता है। साथ ही विकासखण्ड पाटी के ग्राम पंचायत पाटी, ओसडा, अंजराडा, सेमली, लिम्बी, चेरवी, जूनाझिरा, अतरसंभा, ठेंचा तथा उप स्वाथ्य केन्द्र बोरखडी में, उपला फल्या उबादगढ़ में तथा मेन रोड़ बोकराटा में टीका लगाया जायेगा। इसी प्रकार विकासखण्ड सिलावद के उप स्वास्थ्य केन्द्र पांचपुला दक्षिण, धमोड़ी, वेगलगांव, नानी बड़वानी, बोम्या, पिछोड़ी, पाल्या, भवती, अमलाली, मेणीमाता, सुस्तीखोड़ा, वेदपुरी, सुखपुरी, काजलमाता, बोरी, चिकल्या, बोरलाय, तलून, बालकुआं, धनोरा, लोनसरा, बंधान, सजवानी, कसरावद, राजघाट, बगूद में टीका लगाया जायेगा। विकासखण्ड पानसेमल में पानसेमल नगर के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक वार्ड क्रमांक 14, वार्ड क्रमांक 6, वार्ड क्रमांक 9, वार्ड क्रमांक 1, वार्ड क्रमांक 12 तथा आदिवासी भवन में, उप स्वास्थ्य केन्द्र कानसुल, मोरतलाई, भड़गोन, टेमला, दोंदवाड़ा, मतराला, भातकी, बेहड़िया, हाई स्कूल भवन जलगोन में तथा खोतिया नगर के आंगनवाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 3, वार्ड क्रमांक 9, वार्ड क्रमांक 15, मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर खोतिया, मंगल भवन खोतिया में टीका लगाया जायेगा। विकासखण्ड निवाली के ग्राम कुसमिया, मोहलिया, किराड़ी, सुलगांव, पिपलपानी, घोडल्यापानी, गुमड़िया खुर्द, डोंगल्यापानी, निवाली खुर्द, सिदड़ी, धनबावड़ी, सलून, वरलियापानी, गुमड़िया बुजुर्ग, बड़गांव, दिवानिया, दोंदवाड़ा, सिलदड़, जोगवाड़ा, पिपलधार, मोजाली, खेड़ी, वासवी, उमरियापानी, जामनिया एबी, भैंसदड़, खड़किया, कड़गांव, कुंजरी, भूरापानी, मोरगुन में टीकाकरण किया जायेगा। विकासखण्ड ठीकरी के उप स्वास्थ्य केन्द्र सेगवाल, खुरमपुरा, बरूफाटक, टेमला, दवाना, काकरिया, बलगांव, मण्डवाड़ा, हरिबड़, नंदगांव, कुआं, चिचली, बांदरकच्छ, मेहगांव डेब, खेड़ी, तकियापुर, छापरी, बड़दा, आवंली, उचावद, पिपलियाडेब, बिलवाडेब, बिलवारोड़ में टीकाकरण सत्र आयोजित होगा। विकासखण्ड राजपुर के ग्राम गोनपुरा, लिंगवा, उंची, इन्द्रपुर, लिम्बई, सिनगुन, खाड़कल, भामी, सनगांव, कासेल, नंदगांव, पिपरीबुजुर्ग, टेमला, बोबलवाड़ी, पानवा, भोरवाड़ा, ओझर, बालसमुद, सांगवीनीम, देवनली, जलखेड़ा, कुकड़ियाखेड़ा, मोजालीखुर्द तथा रेवजा में टीकाकरण सत्र आयोजित किया जायेगा। विकासखण्ड सेंधवा के ग्राम हरदड़, शिवनी पान्या, कुसमी, मोरदड़, धनोरा, राजगढ़, झिरीजामली, पिपल्याडेब, मड़गांव, कलालदा, मंदिल, धवलाकुआं, लवानी, पिसनावली, वाघमरिया, पेंडारानिया, कुण्डिया, मालवन, सोलवन, बाखरली, डोकल्यापानी, झापड़ीमली, जामटी, जामनियापानी, कालीकुण्डी, माट्यिामेल, धवली, निरगुड़िया, चिरमिरिया, धामन्या, गेरूघाटी, मुहाला, डोंगरगांव, कालापाट, बाबदड़, हिंदली, उमरी, बनिहाल, पिपलियागोई, खुरमाबाद, रामगढ़ी, कुमठान, नांदिया तथा होलपड़ावा में टीकाकरण सत्र आयोजित किया जायेगा।

शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सीमाओं पर रखें कड़ी निगरानी

इन्दौर। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनावों के दौरान कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा और आंकलन करने, अवैध गतिविधियों, जब्ती की रोकथाम और अंतर-राज्य और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्योंध्केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। संयुक्त समीक्षा का उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव के लिए सीमाओं की रक्षा करने वाली केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों के बीच सहज समन्वय और सहयोग के लिए सभी संबंधित हितधारकों को एक ही मंच पर लाना था। आयोग ने प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित सभी महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से समीक्षा की।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद ने दर्ज की दूसरी जीत

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने अपने होम ग्राउंड पर डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। चेन्नई के मोईन अली ने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड का कैच छोड़ दिया, जिन्होंने 31 रन बना दिए।

प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा ने इस सीजन पहला ही मैच खेल रहे मुकेश चौधरी के पहले ओवर में 27 रन बनाए। वहीं हैदराबाद के नीतीश कुमार रेड्डी ने छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

1. कमिंस की स्पोर्ट्समैन स्पिरिट से नॉटआउट रहे जडेजा

चेन्नई की बैटिंग में 19वें ओवर के दौरान हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने स्पोर्ट्समैन स्पिरिट दिखाई। ओवर की चौथी बॉल भुवनेश्वर कुमार ने यर्कर फेंकी, रवींद्र जडेजा ने शट खेला लेकिन बॉल भूवी के हाथ में चली गई। जडेजा रन लेने के लिए दौड़े, लेकिन भूवी ने स्टंप्स की ओर थ्रो कर दिया। बल स्टंप्स के सामने खड़े जडेजा को लग गई।

भुवनेश्वर ने फील्ड ऑब्स्ट्रक्शन के लिए अपील की। फील्ड अंपायर ने भी रिप्ले देखने के लिए थर्ड अंपायर की मदद ली। इतने में कमिंस ने अंपायर से कहा कि वह अपील वापस लेना चाहते हैं। कमिंस के कहने पर अंपायर ने रिप्ले नहीं देखा और जडेजा नॉटआउट रहे। अगर रिप्ले देखा जाता तो जडेजा फील्ड ऑब्स्ट्रक्शन के कारण आउट भी करार दिए जा सकते थे।

2. पहले ओवर में ट्रैविस हेड को मिला जीवनदान

हैदराबाद के विस्फोटक ओपनर ट्रैविस हेड को पहले ही ओवर में जीवनदान मिल गया। दीपक चाहर ने ओवर की दूसरी बॉल ऑफ स्टंप के बाहर आउट स्विंगर फेंकी। हेड ने कट शट खेला लेकिन बल फर्स्ट स्लिप में खड़े मोईन अली के पास गई। मोईन ने हाथ अड़ाया, लेकिन गेंद सीधे उनके सीने पर लगी और कैच छूट गया।

जीवनदान के वक्त हेड खाता भी नहीं खोल सके थे, उन्होंने इसका फायदा उठाया और 31 रन बना दिए। हेड फिर 10वें ओवर में आउट हुए, तब तक टीम का स्कोर 106 रन हो चुका था।

3. मुकेश चौधरी के पहले ही ओवर में बने 27 रन

चेन्नई के लिए 17वें सीजन में पहला ही मैच खेलने उतरे लेफ्ट आर्म पेसर मुकेश चौधरी का पहला ओवर महंगा साबित हुआ। उन्होंने पारी के दूसरे ओवर में शुरुआत की, लेकिन पहली ही बॉल पर अभिषेक शर्मा ने चौका लगा दिया। अभिषेक ने फिर दूसरी और पांचवीं बॉल पर सिक्स लगाया। 5वीं बॉल नो-बॉल रही तो अभिषेक ने फ्री हिट पर भी छक्का लगा दिया। आखिरी बॉल पर अभिषेक ने चौका लगाया और ओवर से कुल 27 रन बटोर लिए।

पहले ही ओवर में 27 रन लुटाने के बाद मुकेश चौधरी को दोबारा बॉलिंग नहीं मिली। इस ओवर के बाद अभिषेक शर्मा ने विस्फोटक रूप जारी रखा और 12 बॉल पर 37 रन की पारी खेल दी। जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

4. DRS के कारण आउट हुए शाहबाज अहमद

सनराइजर्स हैदराबाद के बैटर शाहबाज अहमद चेन्नई के DRS लेने के कारण LBW हो गए। 16वें ओवर की चौथी बॉल मोईन अली ने गुड लेंथ पर फेंकी। अहमद ने रिवर्स स्वीप खेला, लेकिन बॉल उनके पैड्स पर लगी। CSK ने अपील की लेकिन अंपायर ने नॉटआउट का फैसला सुनाया।

चेन्नई ने रिव्यू ले लिया। रिप्ले में दिखा बल सीधे बैटर के पैड्स पर लगी और पैर नहीं होता तो गेंद सीधे स्टंप्स से भी लगती। फील्ड अंपायर ने अपना फैसला पलटा और शाहबाज को 18 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा।

5. नीतीश रेड्डी ने लगाया विनिंग सिक्स

सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 17वें सीजन में पहला ही मैच खेल रहे नीतीश कुमार रेड्डी ने टीम को छक्का मारकर जिताया। नीतीश शाहबाज का विकेट गिरने के बाद बैटिंग करने आए। उन्होंने 19वां ओवर फेंकने आए दीपक चाहर की पहली ही बॉल पर सामने की दिशा में छक्का लगा दिया। इसी के साथ टीम को 6 विकेट से आसान जीत मिल गई। नितिश ने 8 बॉल पर 14 रन बनाए।

साभार - bhaskar.com

फिल्म गदर-2 के माध्यम से सनी देओल का स्टारडम फिर लौटा

बॉलीवुड के दमदार एक्टर सनी देओल ने गदर-2 के जरिए एक बार फिर से अपना खोया हुआ स्टारडम हासिल कर लिया है। आलम ये है कि अब सनी देओल की पुरानी बेहतरीन फिल्मों के दूसरे पार्ट्स को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। गदर-2 ब्लॉकबस्टर साबित हुई और इस फिल्म पर जनता ने अपना खूब प्यार लुटाया। गदर 2 की शानदार सक्सेस के बाद सनी देओल बर्डर 2 को लेकर खूब सुर्खियों में बने हुए हैं। माना जा रहा था कि उनकी ये फिल्म बॉर्डर का सीक्वल होगी। लेकिन अब फिल्म को लेकर 3 बड़े अपडेट आए हैं।

बॉर्डर 1 का सीक्वल नहीं होगी बॉर्डर 2

दरअसल ई टाइम्स ने सनी देओल की बर्डर को लेकर तीन अपडेट शेयर किए हैं। रिपोर्ट की मानें तो फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर पहला अपडेट ये है कि ये फिल्म बॉर्डर 1 का सीक्वल नहीं होगी। जबसे इस फिल्म की चर्चा शुरू हुई थी तो सभी ने अपने-अपने दिमाग के घोड़े दौड़ाने शुरू कर दिए थे। यूजर्स और फैन्स ये अंदाजा लगा रहे थे कि ये बॉर्डर का दूसरा पार्ट होगा। वहीं कुछ लोगों को लगा था कि ये फिल्म का सीक्वल हो सकता है। लेकिन इस रिपोर्ट के मुताबिक ये सभी अंदाजे गलत हैं।

पता चल गई कहानी

सनी देओल की बॉर्डर 2 अभी फ्लोर पर उतारी भी नहीं गई है और फिल्म की कहानी पता चल गई है। दरअसल रिपोर्ट की मानें तो बॉर्डर 2 में उसी रात की कहानी दिखाई जाएगी, जिस रात युद्धा हुआ था। लॉन्गेवाला की लड़ाई को सिर्फ थल सेना नहीं लड़ा था बल्कि उनका साथ जल और वायु सेना ने भी दिया था। उन्होंने भी उस लड़ाई को लड़ा था और जीत दिलाई थी। ये कहानी विस्तार से बॉर्डर 2 में दिखाई जाएगी।

फाइल फोटो

सनी देओल की बॉर्डर 2 के डायरेक्शन की कमान अनुराग सिंह ने संभाली है। उनसे इस फिल्म को लेकर काफी उम्मीदें की जा रही हैं। इस फिल्म को लेकर माना जा रहा है कि ये इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी वर फिल्म होने वाली है। सनी देओल के चाहने वाले बॉर्डर 2 के ऐलान का इंतजार कर रहे हैं।

साभार - tv9hindi.com

बड़े पर्दे पर धमाल के बाद फिल्म ‘हनुमान’ ओटीटी पर रिलीज़

‘हनुमान’ ने भारत सहित विदेशी बॉक्स ऑफिस पर भी सफलता का परचम लहराया है। टॉलीवुड ब्लॉकबस्टर इस फिल्म में तेजा सज्जा और अमृता अय्यर मुख्य भूमिका में हैं। बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के बाद ‘हनुमान’ ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई। अपने डिजिटल रिलीज के कुछ ही घंटों में ‘हनुमान’ ने ओटीटी पर भी सनसनी मचा दी थी। ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ‘हनुमान’ तेलुगु और जियो सिनेमा पर हिंदी भाषा में उपलब्ध है। अब फिल्म एक और प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे चुकी है, जहां इसका लुत्फ तीन भाषाओं में उठाया जा सकता है। प्रशांत वर्मा के निर्देशन में बनी सुपरहीरो फिल्म ‘हनुमान’ को लेकर नई जानकारी फैंस का उत्साह बढ़ाने वाली है। फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर तीन और भाषाओं तमिल, कन्नड़ और मलयालम में स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। अब यह देखना बाकी है कि डब संस्करण ओटीटी क्षेत्र पर कितना धमाल मचाएगी। गौरतलब है कि प्रशांत वर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। तेजा सज्जा अभिनीत इस सुपरहीरो फिल्म ने भारत में नहीं दुनियाभर शानदार कमाई की। यह प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली फिल्म थी, जिसमें शानदार कहानी के साथ कम्प्यूटर ग्राफिक्स, स्पेशल इफेक्ट्स, डायलॉग और बेहतरीन संगीत देखने को मिला। इस फिल्म में इसकी सीक्वल ‘जय हनुमान’ का भी एलान किया गया, जो अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। फिल्म ‘हनुमान’ में वरलक्ष्मी सरथकुमार, विनय राय, समुथिरकानी, गेटअप श्रीनु, सत्या और वेनेला किशोर जैसे शानदार कलाकार हैं।

साभार - amarujala.com

होप अस्पताल हुआ सील

भोपाल । स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा अयोध्या बायपास रोड स्थित होप अस्पताल के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए संचालन बंद करवा दिया गया है। अस्पताल में आगामी आदेश तक कोई भी चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित नहीं की जा सकेंगी। दैनिक समाचार पत्र में अस्पताल द्वारा नाबालिग के गर्भपात की खबर पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सीएमएचओ द्वारा यह कार्यवाही की गई है।

अस्पताल को एमटीपी एक्ट के तहत अनुज्ञा न होने के कारण पुलिस को सूचना देकर विधि सम्मत कार्यवाही के लिए लिखा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के दल द्वारा शुक्रवार को होप अस्पताल का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल बंद मिला । अभिलेखों के परीक्षण में पाया गया कि अस्पताल को एमटीपी एक्ट की अनुमति नहीं थी। निरीक्षण दल द्वारा पंचनामा बनाकर अस्पताल पर नोटिस चस्पा किया गया है। अस्पताल के विरुद्ध मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं अधिनियम 1977 एवं एमटीपी एक्ट 1971 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि समय-समय पर निजी अस्पतालों, क्लीनिक , पैथोलॉजी एवं रेडियोडायग्नोस्टिक सेंटर का निरीक्षण करवाया जाता है।

इसी क्रम में विगत दिनों अल्फा डायनेस्टिक सेंटर को बंद किया गया था। स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा नर्सिंग होम एवं क्लिनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट एवं अन्य संबंधित अनुमतियों का उल्लंघन पाए जाने पर विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

दो शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं को मिला नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट

भोपाल। पॉलीक्लिनिक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया एवं संजीवनी क्लिनिक सेवा. निया गोंड को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत क्वालिटी सर्टिफिकेट दिया गया है। यह प्रमाणीकरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिया गया है। इसके तहत पॉलीक्लिनिक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया ने 91.5% एवं संजीवनी क्लिनिक सेवानिया गोंड ने 92.5% अंकों के साथ क्वालीफाई किया है ।

भारत सरकार के दल द्वारा पिछले साल पॉलीक्लिनिक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया का मूल्यांकन 20 और 21 दिसम्बर और संजीवनी क्लिनिक सेवानिया गोंड का मूल्यांकन 22 और 23 दिसम्बर को किया गया था। जिसमें इन संस्थाओं के सभी विभागों एवं सेवाओं को एक्सटर्नल दल द्वारा बारीकी से परखा गया था।

नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के मूल्यांकन के दौरान संस्था के सभी रिकॉर्ड्स एवं रजिस्टर देखे जाते हैं एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं के प्रोटोकल के बारे में जानकारी ली जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि पॉलीक्लिनिक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया एवं संजी. वनी क्लिनिक सेवानिया गोंड के 12 विभागों का मूल्यांकन चेक लिस्ट अनुसार किया गया। जिसमें महिला स्वास्थ्य, नवजात व शिशु स्वास्थ्य,टीकाकरण, जनरल क्लिनिक, ड्रेसिंग एवं इमरजेंसी, परिवार कल्याण, संचारी रोग, असंचारी रोग, आउटरीच, फार्मेसी, लैबोरेटरी, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन सहित सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम, आशा कार्यकर्ता से फील्ड के अनुभवों के बारे में पूछा गया। दल द्वारा स्टाफ की क्षमता आकलन के लिए उनका साक्षात्कार लिया गया। मूल्यांकन दल द्वारा आंगनवाड़ी में हितग्राहियों से बात करके संस्था में दी जा रही सेवाओं का फीडबैक लिया गया एवं सामुदायिक स्तर पर प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली गई। पब्लिक हेल्थ फैसिलिटी में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदायगी के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड वर्ष 2013 से प्रारंभ किया गया था। जिसके तहत मुख्यत: सर्विस प्रोविजन, मरीजों के अधिकार, इनपुट्स, सपोर्ट सर्विसेज, क्लीनिकल देखभाल, इनफेक्शन कंट्रोल, क्वालिटी मैनेजमेंट एवं आउटकम जैसे 8 क्षेत्रों को शामिल किया जाता है।

वैश्य समाज ने मनाया प्रेमपूर्वक होली मिलन समारोह

भोपाल। (दिनेश दवे) बुधवार को विनीत कुंज कोलार रोड स्थित वैश्य भवन में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया । सर्वप्रथम स्व श्री डी एन गुप्ता की फोटो पर माला अर्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर ईश वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच की अध्यक्षता श्री आनन्द स्वरूप जी ने की । अध्यक्ष श्री शरद गुप्ता, सचिव श्री धीरेन्द्र गुप्ता, वत सतेंद्र गुप्ता, वत अजय गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता, रामपाल गुप्ता, स्वरूप नायक, मनोज जी आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगामी जोनल बैठक श्री रामपाल गुप्ता जी के कोलार निवास में करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में महिलाएं द्वारा लेडीज क्लब का चयन श्रीमती सुधा गुप्ता द्वारा किया गया जिसकी प्रथम बैठक 5 अप्रैल की रखी गई। भवन के प्रमुख ट्रस्टी श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया और ट्रस्ट के सदस्यों को बढ़ाने हेतु सभी को प्रयास करने का आग्रह किया। श्री अनिल गुप्ता द्वारा रु 31000/- सदस्यता ली गई। सभी ने उनका धन्यवाद किया। इस प्रकार समाज के सभी सदस्यों ने भवन हेतु सामर्थ्य अनुसार दान किया। जिससे लगभग 21000/- रुपए प्राप्त हुए।जिसका इकाई के कोषाध्यक्ष श्री अभय गुप्ता द्वारा आभार प्रकट किया। और अंत में श्री करुणा केटरर द्वारा भोजन का प्रबंध किया। सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा भोजन का आनंद लिया एवम आभार व्यक्त किया। अंत में दिवंगत साथियों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली देकर सभा का समापन किया गया।

+PAIN CLINIC+

डॉ. राघवेन्द्र साध
डी. आर्थ, एम.एस. (अस्थि रोग), एफ.बी.ओ.एस., एफ.एन.आईओ.एच.
अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
स्पाईन सर्जन
हैन्ड एवं नर्व (नस) रिकंस्ट्रकटिव
प्रतिदिन - सायं 5 से 9 बजे तक, रविवार सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक

डॉ. श्रीमती दीपिका साध
एम.एस.सी., डी.एच.एम.एस.
होम्योपैथी फैमिली फिजिशियन
समय : सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक, शाम : 5.00 से 7.00 बजे तक

डॉ. प्राची साध
एम.बी.बी.एस., फिजिशियन एवं सर्जन
गर्दन दर्द, चक्कर आना
घुटने व अन्य जोड़ो का दर्द
झुनझुनी
सुन्नपन
साईटिका
पीठ दर्द, कमर दर्द
नसों का दर्द
गठिया
स्पोन्डेलाइटिस

पता : 23, 24, नर्मदा नगर, न्यू फ्रेन्ड्स कॉलोनी
बावड़िया कलाँ, मृत्युन्जय शिव मंदिर के पास, भोपाल
संपर्क :- 9425681936

स्वामी मुद्रक, प्रकाशक वंदना अत्रे द्वारा क्लासिक कम्प्यूटर एण्ड प्रिंटर्स 37, अनेकांत नगर, जहांगीराबाद, भोपाल से मुद्रित एवं 141, अमरनाथ कॉलोनी सर्वधर्म, कोलार रोड से प्रकाशित। सम्पादक-यतीन्द्र अत्रे, आरएनआई :MPHIN/2019/78271 सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख, चित्रों में व्यक्त रचनाकारों, लेखकों के विचारों से सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सम्पर्क - 9425004536, 9424410981, 0755-2495707, ई मेल - rangsanskriti@gmail.com